सार-समाचार

कार्यकारिणी का स्वागत

हिण्डौन सिटी, (निसं)। सदभावना फाउंडेशन के बैनर तले आज शहर के प्रबुद्ध लोगों द्वारा रकमा प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद,हिंडौन बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर जाटव व उपाध्यक्ष दिलीप मावई का नागरिक अभिनंदन किया गया।सद्भावना फाउंडेशन के संयोजक व पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने बताया कि आज 28 दिसंबर शनिवार को दोपहर 2 बजे तिरुपति नगर स्थित आवास पर आयोजित अभिनंदन समारोह में राजस्थान अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन (रकमा) के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अतीक अहमद, हिंडौन अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह जाटव व उपाध्यक्ष एडवोकेट दिलीप मोबाइल का शहर की संभ्रांत नागरिकों ने माला और साफा पहनकर स्वागत सत्कार किया। रकमा के प्रदेश अध्यक्ष करौली जिले के मूल निवासी अतीक अहमद ने कहा कि जिले के लोगों द्वारा सम्मान किया जाने से आत्मीय खुशी महसूस होती है। अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह ने उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जरूरतमंदों को न्याय दिलाने का तथा वकीलों के हितों के लिए हर संभव प्रयास करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उपाध्यक्ष एडवोकेट दिलीप मावई ने युवाओं को वकालत के क्षेत्र में अवसर तलाशने का आवाहन किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा, जाट समाज चौबीस के अध्यक्ष विष्णु डागुर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षा विद पूरणमल जाटव, प्रमुख व्यवसाय नरेंद्र चतुर्वेदी, शिक्षाविद वीर सिंह बेनीवाल, वरिष्ठ पत्रकार दीनदयाल सारस्वत, जमीयत उलेमा ए हिंद के तहसील सदर हाफिज बाबुद्दीन, रिटायर्ड मैनेजर जमनालाल शर्मा, रामचरण ख़ुर्सटपुरा रहे, जिन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी और अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर प्रयास करते रहने का आव्हान किया। अतिथियों का आयोजन कमेटी की ओर से स्वागत सम्मान किया गया।

संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति का गठन

करौली, (निसं)। मेडिकल कि भर्तियों को लेकर प्रदेश में संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति का गठन किया गया है।पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर में संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से करौली निवासी गिरीश शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति राजस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गिरीश शर्मा ने बताया कि नई नर्सिंग और पैरामेडिकल भर्ती निकलवाने एवं भर्ती को मेरिट और बोनस अंक के आधार पर करवाने की मांग को लेकर प्रदेश में संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति का गठन किया है। पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर में हुए प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में विभिन्न कैडर और यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए। गिरीश ने बताया कि राजस्थान में नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मचारी नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम,फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, लैब सहायक, रेडियोग्राफर जो कि विभिन्न माध्यमों से संविदा पर कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों द्वारा नई सीधी नियमित भर्ती करवाने एवं भर्ती को मेरिट और बोनस अंक से करवाने कि मांग को लेकर प्रदेश स्तरीय अधिवेशन का आयोजन हुआ जिसमें संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति का गठन किया गया।

सेवा से सीखे कार्यक्रम का आयोजन

करौली, (निसं)। माइ भारत युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ने देश के सभी जिलों मे अस्पतालों मे युवाओ को सीखने का अवसर देने के लिए सेवा से सीखे कार्यक्रम की शुरुआत की है। कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओ को 30 दिन के लिए अस्पताल प्रशासन के साथ मिलकर आमजनों व मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान करने के लिए सेवा करने का अवसर मिलेगा 30 दिन का कार्यकाल पूरा करने वाले युवा स्वयंसेवकों को माइ भारत का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। करौली जिले मे जिला अस्पताल हिंडौन ने 26 जनवरी 2025 से अनुभव से सीखे कार्यक्रम के लिए 15 से 29 वर्ष के युवाओ के आवेदन मांगे है। कार्यक्रम का अंत 25 जनवरी 2026 को होगा और आवेदन करने कि अंतिम तिथि 27 दिसम्बर 2025 रखी है। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओ को अंतरराष्ट्रीय स्तर उत्तम मापदंडों वालों अवसर अपने जिले मे ही प्राप्त हो रहे है। समाजसेवा स्वास्थ्य एवं राजनीति मे रुचि रखने वाले युवा बढ़चढकर रुचि ले रहे है इच्छुक युवा अपनी सुविधानुशार बेवसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते है।

दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

करौली, (निसं)। लांगरा थाना पुलिस ने स्मैक आउट ऑपरेशन के तहत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किए गए नशे के सौदागरों से पूछताछ के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से स्मैक की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी बासुदेव बसवाल ने बताया कि स्मैक आउट ऑपरेशन के लिए बनाई गई टीम ने महेश सिंह मीणा 25 निवासी चोर खिड़कियां बाहर करौली और उसको स्मैक कि सप्लाई देने वाले तस्कर सीताराम मीणा 24 पुत्र रामदेव मीणा निवासी सीतापुर थाना पचेवर तहसील मालपुरा टोंक को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्मैक तस्कर वॉट्सऐप चैट के माध्यम से खरीद में बिक्री के लिए बातचीत करते थे।महेश मीणा द्वारा स्मैक आने के बाद क्षेत्र में धर्म सिंह माली और अन्य को सप्लाई दी जाती थी। रुपयों का लेन देन खातों में बैंक के बाहर बीसी केंद्र के माध्यम से किया जाता है। आरोपी जयपुर में रहकर स्मैक की सप्लाई करता है। स्मैक तस्करों के तार गंगापुर, हिंडौन,कुड़गांव,जयपुर,कोटा,झालावाड़ के तस्करों से जुड़े हुए हैं। पुलिस आरोपियों से स्मैक की खरीद,बिक्री को लेकर पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों को पूर्व में पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़कर गिरफ्तार किया है।

प्रतिभा सम्मान समारोह आज

करौली, (निसं)। राजस्थान नाथ समाज करौली के सहयोग से गोरख सेना सेवा संस्थान करौली के तत्वावधान में संभाग स्तरीय करौली, धौलपुर,गंगापुर सिटी,सवाई माधोपुर, अलवर, दौसा का पांचवां नाथ संप्रदाय योगी, जोगी, जंगम, गिरी, पुरी, स्वामी, गोस्वामी, उपाध्याय का प्रतिभा सम्मान समारोह आज रविवार को राजरानी पैलेस तीन बड़ करौली में होगा। गोरख सेना सेवा संस्थान के संस्थापक योगी ईश्वर सिंह बैंसला एवं राजस्थान नाथ समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार योगी ने बताया कि कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं कक्षा, स्नातक, डिग्री, डिप्लोमा में 65प्रति'ात किसी भी क्षेत्र में किसी भी वर्ग में नवनियुक्त,राज्य,राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाथ संप्रदाय के विद्यार्थियों,नौजवान पुरुष-महिला अंक तालिका, नियुक्ति पत्र, खेल जगत संबंधित प्रमाण पत्र प्रार्थी का आधार कार्ड एक नवीनतम फोटो कार्यक्रम में लेकर आए।

कारण बताओ नोटिस जारी

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के द्वारा शुक्रवार को जिला रसद अधिकारी कार्यालय करौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कार्यरत कुल 8 अधिकारी व कर्मचारियों में से जिला रसद अधिकारी करौली सहित 6 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को जिला कलेक्टर द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। ज्ञात रहे कि जिला रसद अधिकारी कार्यालय करौली कलेक्ट्रेट परिसर मे ही संचालित है।

लक्षिता पाण्डेय ने जीता कांस्य पदक

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। यूएई के आबू धाबी इन्डोर स्टेडियम में आयोजित की गई 20वीं वरिष्ठ विश्व पेनकाक सिलाट चैंपियनशिप 2024-25 में लक्षिता पाण्डेय ने कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया। उन्होने बताया कि यूएई के आबू धाबी में आयोजित हुई विश्व पेनकाक सिलाट चौंपियनशिप 2024-25 की मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति खेल मंत्रालय के बैनर तले यूएई पेंकाक सिलाट फेडरेशन द्वारा विधिवत रूप से की गई थी। भारत के विभिन्न हिस्सों के 38 एथलीट, 4 अधिकारी शामिल हुए। इसस पूर्व श्रीनगर में चयन परीक्षण का आयोजन किया गया था जिसमें राजस्थान की एथलीट लक्षिता पाण्डेय को राष्ट्रीय टीम में चुना गया। लक्षिता ने उक्त प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिताओं से बच्चों में पैदा होती है स्पर्धा की भावना : आर्य

भरतपुर (निस)। विवेकानन्द पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, आर्य समाज रोड, भरतपुर में शनिवार को विवेकानन्द युवा सप्ताह के अन्तर्गत चल रहे "स्पोर्टस मीट 2024-25" के अंतिम दिवस नृत्य एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष अनन्तराम आर्य ने की। सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष अनन्तराम आर्य ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सरस्वती वन्दना से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के जूनियर गुरप में नर्सरी व एलकेजी तथा द्वितीय ग्रुप में यूकेजी से द्वितीय कक्षा तथा सीनियर ग्रुप में कक्षा तीसरी व चौथी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। फैन्सी ड्रेस में बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, शिवजी, हनुमान जी, शेर, भालू, वृक्ष, सब्जी, स्पाइडरमैन आदि की प्रस्तुति दी जो कि अत्यन्त आकर्षक एवं मनोहारी थीं। जोकर व भील ने बच्चों को खूब हंसाया, शिवजी ने बच्चों को वरदान दिया, टीचर ने बच्चों को डांटा, हनुमानजी ने लंका पर चढ़ाई की, सेण्टा क्लॉज ने बच्चों को गिफ्ट बांटे। नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में कक्षा नर्सरी व एलकेजी, द्वितीय ग्रुप में यूकेजी से द्वितीय कक्षा तक एवं तृतीय ठ्रुप में तीसरी से पाँचवी तक, चतुर्थ ग्रुप में कक्षा छठीं से आठवीं तक तथा पंचम गुरप में नवी से बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों के नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। नृत्य प्रतियोगिता में बंजारा, कालबेलिया, राजस्थानी, भरतनाट्यम्, वेस्टर्न, पॉप, फॉक एवं मलयालम आदि गानों पर बच्चों ने बेहद आकर्षक प्रस्तुति दी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में मन्नत खण्डेलवाल प्रथम, कृष्णदेव शर्मा व आन्या बिंदल द्वितीय, आस्था अग्रवाल तृतीय स्थान पर रही एवं वैभव अग्रवाल व उदित गर्ग को सांत्वना पुरूस्कार के लिए चुना गया। द्वितीय ग्रुप में दिशिजा व दृश्य दिवाकर प्रथम, नित्या अठावाल व सोम्या द्वितीय तथा प्रियांशी व रूद्र अग्रवाल तृतीय रहे एवं केयांश व खुशी अछरा को सांत्वना पुरूस्कार के लिए चुना गया। तृतीय ग्रुप में धैर्य मित्तल व रिद्धम गोयल प्रथम, अनन्त मित्तल द्वितीय तथा भूमि गुप्ता व ईशिता गर्ग तृतीय रही एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए कीर्ति चौधरी व पूर्वी गुर्जर को चुना गया। नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में मन्नत खण्डेलवाल प्रथम, आस्था अग्रवाल व उदित गर्ग द्वितीय तथा कृष्णदेव शर्मा तृतीय रहे तथा सांत्वना पुरूस्कार के लिए कार्तिक खण्डेलवाल को चुना गया। द्वितीय ग्रुप में दिशिजा खण्डेलवाल व खुशी अछरा प्रथम, दृश्य दिवाकर व पूर्वी द्वितीय व नित्या अग्रवाल व दिशा गोयल तृतीय रहे तथा सोम्या को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया।

नृत्य प्रतियोगिता के तृतीय ग्रुप में जान्हवी भारद्वाज व शिफा कुरैशी प्रथम, छवि व इषिता गर्ग द्वितीय तथा नैतिक गोयल व आदित्य शर्मा तृतीय रहे। सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रयांश खन्ना व शिवाय शर्मा को चुना गया। इसी के अंतिम ग्रुप में मिताली सिंह व मालिया शर्मा प्रथम, हर्षिता खण्डेलवाल व गुंजन महावर द्वितीय तथा तनुष्का चौधरी व तन्वी अग्रवाल तृतीय रहीं एवं उन्नित चौहान को सांत्वना पुरूस्कार के लिए चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष अनन्तराम आर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों की बाल प्रतिभा आश्चर्यजनक है, साथ ही कहा कि बच्चों ने जिस उत्साह से इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया है एवं जो उन्होंने प्रतिभा दिखलाई है इससे साफ जाहिर होता है कि यदि बच्चों की शुरू से खेलों और कला के प्रति रूचि जागृत करें तो ये बच्चे बड़े होकर इन क्षेत्रों में राष्ट्र का नाम जरूर ऊँचा उठा सकते हैं। इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में स्पर्धा की भावना का जन्म होता है।

■ **नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में मन्नत खण्डेलवाल प्रथम**

विवेकानन्द पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

समाज सेवी दामोदर शुक्ला की पुण्यतिथि पर बांटे वस्त्र

भिंडपुरा के विद्यालय में शुक्ला परिवार की ओर से बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए।

करौली, (निसं)। करौली के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भिंडपुरा पाटोरन में समाजसेवी दामोदर शुक्ला कि पुण्यतिथि एक सादा समारोह के तहत मनाई गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा शुक्ला के द्वारा चलाये गए अभियानों और कार्यक्रमो को याद करते हुए कहा कि उनके द्वारा चलाये गए टोंटी लगाओ अभियान,पॉलीथीन हटाओ अभियान, सघन वृक्षारोपण अभियान, आदि के बारे में लोगों को बताया। एडवोकेट ऊद्यौसिंह ने कहा की करौली मोक्षधाम सेवा समिति के आधार स्तंभ, मदनमोहन कारसेवक संघ,पर्यावरण चेतना समिति आदि को बखूबी आगे बढाने वाले शुक्ला हमारे प्रेरणा स्त्रोत है जिनकी स्मृतियां आज भी हृदय पटल पर अंकित है जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। वक्ताओ में वरिष्ठ पत्रकार एव दामोदर शुक्ला के छोटे भाई कृष्ण गोपाल शुक्ला,पूर्व पार्षद राजेंद्र सारस्वत,विनोद शर्मा मेडिकल,वीरेंद्र शर्मा सिद्धि विनायक,प्रमोद महेरा,महेंद्र सुरोठिया ,पप्पू भुसवारिया, मनोज व्यास, कृपाल मीना,मयंक शुक्ला, बृजेश शुक्ला,अंकुश शुक्ला सहित गांव के पंच पटेल उपस्थित थे। सभी लोगो द्वारा विद्यालय के बच्चों को गर्म वस्त्र एव बिस्कुट व नमकीन के पैकेट वितरित किये गए। सभी के द्वारा दामोदर शुक्ला के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली प्रदान की। मंच संचालन राजेंद्र सारस्वत द्वारा किया गया। अंत में शुक्ला परिवार द्वारा उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त किया।

पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)। पत्थर की टाल, भरतपुर स्थित, पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के निज निवास पर, श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राजस्थान सरकार द्वारा समाजवादी शताब्दी पुरस्कार से सम्मानित, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का माला, दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने पूर्वी राजस्थान के पानी की समस्या को लेकर जयपुर में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा ईआरसीपी और पीकेसी के उद्घाटन और घोषणा करने को लेकर राजस्थान की भजनलाल सरकार व केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कहा कि हम जिस पानी के लिए वर्ष 2007 से लगातार संघर्ष कर रहे थे वह संघर्ष आज जनता के हित में मूर्त रूप लेने जा रहा है जिसका लाभ पूर्वी राजस्थान की जनता को पीने के पानी, सिंचाई एवं खेती के लिए पानी इस समस्या से निजात मिलेगी। ईआरसीपी योजना पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सरकार में प्रारंभ हुई थी जिसको लेकर इसके लिए योजना भी तैयार की गई थी।

गाय और मां की सेवा से बड़ा पुण्य कार्य और कोई नहीं : गोविंद भैया

गंगापुर सिटी, (निसं)।विजय पैलेस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को भागवताचार्य परम पूज्य गोविंद भैया द्वारा कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया। आचार्य द्वारा महा रास लीला की कथा भजनों के माध्यम से दृष्टांत देते हुए कही आचार्य बोले भगवान कृष्ण योगेश्वर हैं। जब इंद्र को यह महसूस हुआ कि मेरे से गलती हुई है तब इंद्र द्वारा भगवान की स्तुति की गई। गाय माता की स्तुति पर भगवान का नाम गोपाल हुआ क्योंकि कृष्ण भगवान सुबह गायों को लेकर जाते और सांझ पडे घर आते।

आचार्य ने कहा की गाय और मां की सेवा से बडा पुण्य कार्य और कोई नहीं गाय से हमें दूध घी मक्खन सब कुछ मिलता है जो अमृत के समान है। आचार्य ने कहा कि गौशालायों को दान देना चाहिए सहायता करनी चाहिए। लेकिन गौशालाओं के भरोसे ही गायों का पालन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में प्रत्येक हिंदू धर्म सनातनी को प्रत्येक घर में एक-एक गाय का पालन अवश्य करना चाहिए। लेकिन आज लोग गाय माता की महता को भूलकर अपने घर में अन्य पशुओं को स्थान देते हैं। आचार्य ने कहा के मंदिर का पैसा कार्यक्रमों का पैसा शादी का पैसा दान का पैसा कई कार्यो में लगाया जा सकता है। लेकिन गोदान का पैसा सिर्फ गाय माता के पालने में ही लगता है। अगर ऐसा नहीं हो तो वह व्यक्ति सबसे बडा पाप का भागी होता है। आज हम लोग जो समार्थवान है वह एक शादी में लाखों रुपए खर्च करता है लेकिन उसे शादी समारोह के खर्च के साथ उसे एक प्रतिशत गौ माता के पालन में गौशालाओं को अवश्य दान करना चाहिए। आचार्य ने एकादशी व्रत का बखान करते हुए कहा के प्रत्येक नागरिक को एकादशी का व्रत करना चाहिए जो की विज्ञान के हिसाब से भी स्वास्थ्य वर्धक है। महा रास की कथा में सुखदेव जी द्वारा भगवान के बारे में परीक्षित को बताया कि रासलीला काम वासना नहीं उपासना का प्रतीक थी। भगवान से जो लगन लगाता है उसकी वह परीक्षा अवश्य लेते हैं। महा रासलीला में भगवान ने जब बंसी बजाई तो गोपियों सब काम छोडकर दौडी दौडी चली आई तब भगवान ने कहा कि आपका कुछ छूट तो नहीं गया तो गोपियों ने कहा कि भगवान आप में मन लगाने के बाद हमारे पीछे कुछ भी नहीं छूटा। भजनों के माध्यम से रासलीला का वृतांत सुनाया तो दर्शक भाव विभोर हो उठे। भगवान कृष्ण द्वारा कंस वध का वृतांत सुनाया। कंस का वध किया और किस प्रकार अपने हाथों से माता-पिता की वेडिया खोली विस्तार से समझाया। रुक्मणी विवाह में रुक्मणी ने भगवान को पत्र भेज कर कहा कि भगवान में ने आपका वरण कर लिया है। तब भगवान रथ लेकर रुक्मणी जी को मंदिर से द्वारका ले आए जहां विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर संजीव कृष्ण और रुक्मणी की झांकी सजाकर वरमाला कार्यक्रम हुआ बधाइयां गाई। कृष्ण रुक्मणी का विवाह धूमधाम से मनाया। दर्शकों से खचाखच भरे पंडाल में श्रद्धालुओं भगवान के दर्शन किए और कृष्ण रुक्मणी विवाह में जमकर दान दहेज दिया। भगवान की आरती उतारी इससे पूर्व कथा के मध्य आचार्य द्वारा मीडिया कर्मियों का स्वागत कर आशीर्वाद प्रदान किया। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, राधा कृष्ण मंडल, कर्मचारी विकास परिषद, आदि गोयल परिवार के रिश्तेदारों ने आचार्य महाराज का स्वागत व सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया कथा आयोजक मोतीलाल गोयल पीलोदा द्वारा सभी का शाल उडाकर सम्मान किया।

पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर व सभापति शिवरतन अग्रवाल का सम्मान करते कथा व्यास गोपाल भैयाजी।

सार-समाचार

म्यूजिकल चेयर में पलक प्रथम

गंगापुर सिटी, (निसं)। क्लब-91 की ओर से रावत गार्डन में स्थापना दिवस व नववर्ष मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना से हुई। कार्यक्रम के शुरु में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। म्यूजिकल चेयर में दीपा गुप्ता, उमेश कुमार गुप्ता, सुनील भण्डारी ने संयोजक की भूमिका निभाई। म्यूजिकल चेयर में पलक ने प्रथम व आयुषि ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिलाओं में म्यूजिकल चेयर में स्वाति शर्मा व लक्ष्मी गुप्ता ने बाजी मारी। इसके बाद राउण्डर बल्ला गेम हुआ, जिसमें अशोक मंगल व रमेश चन्द गर्ग ने तथा कपल गेम में डॉ. अनिल टोडवाल व स्मिता टोडवाल ने संयोजक की भूमिका निभाई। कैटवॉक संयोजक रेखा गर्ग, स्वाति शर्मा के सयोजन में महिलाओं ने शानदार कैटवॉक किया। विनोद खण्डेलवाल व पूजा खण्डेलवाल, डॉ. मुकेश गर्ग व रेखा गर्ग, मयंक शर्मा व स्वाति शर्मा, अशोक सोनी व डिम्पल सोनी ने कपल डांस कर खूब तालियां बटोरी। नन्दिनी सोनी, डॉ. मुकेश गर्ग, नरेन्द्र गुप्ता, पूजा खण्डेलवाल व विनोद खण्डेलवाल ने कविता पाठ किया। क्लब सदस्य वासुदेव बंसल, वीरेन्द्र आर्य, संजय गुप्ता, देवेन्द्र सिंघल, शिवकुमार, मुकेश लेक्चरर, गोविन्द प्रसाद गुप्ता, मुकेश मेडी, भूपेश गर्ग, मुकेश गुप्ता, दिनेश डांस, अनुराग जिन्दल, धीरज वशिष्ठ आदि सदस्यों ने भी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन डॉ. मुकेश गर्ग, नरेन्द्र गुप्ता व पवन गुप्ता ने किया। क्लब कोर्डिनेटर डॉ. अनिल टोडवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कोषाध्यक्ष दिनेश चन्द गुप्ता ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्लब सदस्य डॉ. दिनेश चन्द गुप्ता को डाक्टरेट की उपाधि मिलने पर फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रमेश भोड, सतीश चन्द गुप्ता, राजेन्द्र खादी, विजेन्द्र धाकड, ताराचन्द गुप्ता, दिलीप हलवाई आदि सदस्य मौजदू थे।

वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा शुरू

गंगापुर सिटी, (निसं)। वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2024 संस्कृत शिक्षा विभाग की ओर से गंगापुर सिटी सहित जिले में बनाए गए 22 केन्द्रों पर शनिवार से शुरू हो गई। परीक्षा में कुल 6 हजार 432 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। पांच सेंटर सरकारी और 17 निजी स्कूलों में बनाए गए हैं। राजस्थान लोक सेवा आयोग की वर्ष 2024 की वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा शनिवार को दो पारियों में शुरू हुई। पहली पारी में सुबह 9.30 बजे से शुरू हुई। इसके बाद दूसरी पारी 2.30 बजे से शुरू हुई। परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी निर्धारित समय से काफी समय पहले ही पहुंचना शुरू हो गए। एक घंटे पहले तो परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश दिया गया। केन्द्र पर परीक्षार्थी को कडे सुरक्षा के बीच और पूरी जांच के बाद अंदर प्रवेश दिया गया। परीक्षा केन्द्र पर पुलिस के जवानों के द्वारा पहले मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थी कीजांच की गई। दूसरे अन्य जवानों ने भी बारिकी से जांच कर आगे जाने दिया। महिला परीक्षार्थियों की महिला पुलिस के द्वारा जांच की गई। यहां तक की परीक्षार्थी द्वारा पहने गए ऊनी कपडों को खुलवा दिया और जांच करने के बाद फिर अंदर जाने दिया। इसके अलावा परीक्षा के मूल आधार कार्ड, प्रवेश पत्र देकर ही प्रवेश दिया गया। वहीं, केन्द्र पर वीडियोग्राफी की गई। उडन दस्ते में शामिल उपखंड अधिकारी बिजेन्द्र कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी केन्द्रों पर जांच करने के लिए पहुंचे और परीक्षा का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता से करवाने के लिए सख्त निर्देश दिए।

कुशालगढ़ महोत्सव को लेकर की चर्चा

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी की मंगलम होटल में कुशालगढ क्लब द्वारा आगामी कुशालगढ महोत्सव 2025 को लेकर बैठक का आयोजन किया साथ की नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता क्लब वरिष्ठ सदस्य राधामोहन अग्रवाल द्वारा की गई। क्लब के चेयर मैन लक्ष्मी कांत शर्मा ने 2024 में होने वाले कार्यऋमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। क्लब द्वारा गंगापुर सिटी ओर हिंडौन सिटी उपजिला कारागृह में लगभग 250 कैदियों को नशा मुक्ति ओर अपराध मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। साथ की वृक्षारोपण,मेडिकल कैंप सहित कई सामाजिक कार्यऋमों का आयोजन किया जा चुका हैं। आगामी 2०25 के कुशाल गढ महोत्सव पर होने वाले कार्यऋमों पर चर्चा की गई। क्लब के संरक्षक कैलाश चंद गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य गुलशन नागी द्वारा कुशालगढ महोत्सव पर नारी शक्ति के सम्मान का प्रस्ताव रखा। सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जाहिर की। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। क्लब के नवीन सदस्य समाज सेवी महेश पट्टीवाले ने क्लब का तम मन धन से सहयोग करने के लिए कहा। इस अवसर पर कुशाल गढ क्लब के लिए मंदिर परिसर में एक कमरे की मांग सदस्यों ने रखी। विचार भी किया। एक ऑफिस का हक तो क्लब सदस्यों का बनता है। क्यों कि 2०18 से क्लब सदस्य गढ पर झंडारोहन कर रहे हैं । जो कि लगातार जारी हैं। सभी के हस्ताक्षर का एक पत्र श्री श्याम कमेटी के पदाधिकारी यो को देने की सहमति बनी। 15 मार्च भजन संध्या में प्रसादी की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी ली। इसी क्रम में जाकिर हुसैन ने 15 मार्च को भजन संध्या के दिन इतिहास का बोर्ड स्थाई बनवाने की जिम्मेदारी ली। क्लब के सभी सदस्यों ने उनका अभिनंदन किया। अंत में बैठक अध्यक्ष राधामोहन अग्रवाल ने मीटिंग समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर कुशालगढ क्लब चेयर मैन लक्ष्मी कांत शर्मा, वरिष्ठ सदस्य राधामोहन अग्रवाल, गुलशन नागी, संरक्षक कैलाश चंद गुप्ता, मीडिया प्रभारी पुरूषोतम प्रजापत, विरेंद्र जंगम, सलाहकार नितिन गर्ग, सुदीप चांदना, विवेक खंडेलवाल, राहुल शर्मा, सतीश चंद गुप्ता, राकेश योगी, महेश चंद पट्टीवाले, गजानंद प्रजापत, कपिल शर्मा, अनिल कुमार गुर्जर, जाकिर कुरैश, बसंत कुमार, महेंद्र कुमार, निर्मल कुमार, ओम प्रकाश सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

गंगापुर सिटी जिले को किया रद्द

गंगापुर सिटी, (निसं)। भजनलाल सरकार ने गहलोत राज में बने 17 नए जिलों में से गंगापुर सिटी सहित 9 जिलों और 3 संभागों (पाली, सीकर, बांसवाडा) को खत्म कर दिया है। शनिवार को कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया है। इससे शहर के लोगों को फिर 82 किमी दूर सवाई माधोपुर जिले में काम के लिए जाना पडेगा। इसके साथ ही लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने गंगापुर सिटी जिले की मान्यता दी थी, लेकिन शनिवार को कैबिनेट की बैठक में इसे खत्म कर दिया गया। इसके बाद से स्थानीय लोगों ने जिले के रद्द होने को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। गंगापुर सिटी जिले को कांग्रेस सरकार ने मंजूरी दी थी, लेकिन सरकार बदलने के बाद भाजपा सरकार ने नए जिलों के गठन के लिए एक कमेटी का गठन किया था। इसके बाद से जिले के रद्द होने की संभावना जताई जा रही थी। इसी बीच भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने एक कार्यक्रम में सांचौर सहित अन्य जिलों को रद्द करने का बयान दिया था। इसके बाद पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए अनशन किया था। नए जिले में 5 उपखंड, 7 तहसील, आबादी करीब 12 लाख। गंगापुर जिले में पांच उपखंड और सात तहसीलों को शामिल किया गया था। नए गंगापुर जिले की अब कुल आबादी लगभग 12 लाख थी। मतदाताओं की संख्या देखी जाए तो करीब 8.25 लाख मतदाता थे।

पूर्व प्रधानमंत्री सिंह को दी श्रद्धांजलि

नदबई, (निसं)। पूर्व प्